हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 21 अप्रैल 2024

नागदा | महिदपुर | तराना | बड़नगर | उन्हेल | घट्टिया | इंगोरिया | खाचरौद | माकड़ोन | कायथा

06 शहर में दो दिवसीय कार्यक्रमों के अंतर्गत धूम...



07 जल संकट से जूझ रहे लोग, 6 साल के इंतजार के...



## खबर संक्षेप में

### बालकनी से गिरकर महिला की मौत

**सीहोर** | कोतवाली थानांतर्गत सब्जी मंडी के समीप घर की बालकनी से गिरकर एक महिला की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार सब्जी मंडी के समीप चंद्रशेखर आजाद मार्ग निवासी सुरेश गिरोठिया की 64 वर्षीय पत्नी मधु गिरोठिया गुरुवार की सुबह करीब 6 बजे अपने घर की बालकनी में खड़ी थीं, तभी संतुलन बिगड़ने से वह नीचे गिर पड़ी। घटना के वक्त घर के सभी सदस्य सो रहे थे। पड़ोसियों ने परिवार वालों को सूचित किया। गम्भीर रूप से घायल महिला को तत्काल अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### नाबालिग का अपहरण कर दुष्कर्म करने वाले 3 आरोपी गिरफ्तार

**सीहोर**। भैरूंदा गांव जोगला में 14 अप्रैल को एक 14 वर्षीय नाबालिग को गांव के ही एक युवक ने अपने दो साथियों की मदद से बहला फुसलाकर अपहरण कर ले गए। घर वालों ने रिश्तेदारों में उसकी तलाश करने के बाद पुलिस में इस मामले की शिकायत की। पुलिस ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए नाबालिगा की तलाश शुरु की, जिसमें पुलिस को 72 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद सफलता प्राप्त हुई। पुलिस ने आरोपियों को तकनीकी मदद के सहारे यात्री बस स्टेंड से धर दबोचा। थाना प्रभारी घनश्याम दांगी ने जानकारी देते हुए बताया कि मुख्य आरोपी राज झागरे, सह आरोपी धर्मेंद्र झागरे, गोलू पैठारी को गिरफ्तार किया है। डॉक्टरी परीक्षण में पुष्टि हुई कि मुख्य आरोपी ने दुष्कर्म किया है। घटना के प्रयुक्त कार भी बरामद की गई है। आरोपियों को न्यायालय ने जेल भेज दिया है।

### शेड्यूल : यूपीएससी की मुख्य परीक्षा 23 जून को

**सीहोर**। संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने इंजीनियरिंग सेवा मुख्य परीक्षा का शेड्यूल जारी कर दिया है। डेटशीट के अनुसार इंजीनियरिंग सेवा मुख्य परीक्षा जून में आयोजित की जाएगी। मुख्य परीक्षा 23 जून को दो पालियों में होगी। पहली पाली सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक और दूसरी पाली दोपहर 2.30 बजे से शाम 5.30 बजे तक आयोजित की जाएगी।

### मतदान दिवस के दिन रहेगा सार्वजनिक अवकाश

**सीहोर**। राज्य शासन ने प्रत्येक चरण के मतदान के दिन सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है। इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है। तृतीय चरण का मतदान 7 मई 2024 मंगलवार और चतुर्थ चरण का मतदान 13 मई 2024 सोमवार को होगा। संबंधित क्षेत्रों में मतदान के दिन सार्वजनिक अवकाश तथा सामान्य अवकाश का दिन होगा।

## किसान पैसे को लेकर हो रहा परेशान, जिम्मेदार बने अनजान

# समर्थन मूल्य पर तुलवाई गई उपज में से ऋण राशि काटे जाने के बाद भी मांगी जा रही राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा




दुबली और दो आषाढ़ वाली कहावत इन दिनो नलखेड़ा क्षेत्र के किसानों पर लागू हो रही है, प्रदेश सरकार द्वारा विधानसभा चुनाव पूर्व किसानों का गेहूं 2700 रुपए प्रति क्विंटल की दर से समर्थन मूल्य पर खरीदी किए जाने की घोषणा की गई थी। लेकिन सरकार द्वारा की गई घोषणा अभी तक मृत रूप नहीं ले पाई वहीं क्षेत्र के जिन किसानों ने समर्थन मूल्य पर अपनी गेहूं , सरसों आदि रबी फसल उपार्जन केदो पर तुलवाई थी, यदि संबंधित किसान की ओर सहकारी समिति (सोसायटी) का ऋण बकाया है तो तुलवाई गई उपज में से उसकी बकाया ऋण राशि काटकर शेष राशि की पावती किसानों को प्रदान की जा रही है। लेकिन सहकारी संस्थाओं द्वारा संबंधित किसानों से उक्त राशि नगद जमा करवाने का कहा जा रहा है। जबकि किसानों से वहां राशि तो पूर्व में ही उनकी उपार्जन केंदो पर तोली गई फसल के बिल में से काट ली गई है। तथा किसानों को शेष राशि का ही भुगतान किया जा रहा है। ऐसे में किसानों से उनके बकाया ऋण राशि की दुबारा वसूली नगदी के रूप में किए जाने से किसानों के समक्ष बड़ा आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। शासन को इस मामले में तुरंत ध्यान देकर किसानों की समस्या का हल किया जाना चाहिए। वहीं इस मामले में बैंक के जिम्मेदारों का कहना है कि किसानों की उपज में से जो राशि काटी गई वहां भोपाल से काटी गई है, हम किसानों से नगद राशि जमा करवा रहे हैं, किसानों को वहां राशि जो काटी गई है बाद में सीधे उनके खातों में आएगी।

### समर्थन मूल्य पर किसान ने उपज को तुलवाया था

नलखेड़ा क्षैत्र के किसान सीताराम पिता कन्हैयालाल पाटीदार ने बताया कि उनके द्वारा अपनी सरसों की 9,5 क्विंटल रबी फसल को समर्थन मूल्य पर उपार्जन केद्र श्री जी वेयरहाउस पर 15 अप्रैल को तुलवाई गई। जिसका कुल मूल्य 53675 होता है। कृषक ने बताया कि उसे अनाज खरीदी की जो पावती प्रदान की गई है उसमें उसका सोसायटी का बकाया ऋण जो की 20 हजार था वह 53675 रुपए में से काटकर शेष शुद्ध राशि 33675 रुपए दर्शायी गई है। सीताराम ने बताया कि उसकी उपज में से ऋण की राशि काटी जाने के बावजूद सोसायटी द्वारा उससे 20 हजार की राशि पुनः नगदी जमा करवाने का कहा जा रहा है तथा बताया जा रहा है जो ऋण राशि काटी गई है वहां भोपाल से आपके खाते में वापस आवेगी, अभी तो आपको ऋण की राशि नगदी जमा करवाना होगी राशि समय पर जमा नहीं करवाओगे तो दंड ब्याज की राशि अलग से जमा करवाना होगी। कृषक ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा विधानसभा चुनाव के समय किसानों से उनकी गेहूं की फसल 2700 रुपए प्रति क्विंटल की दर से खरीदी किए जाने की घोषणा की गई थी। लेकिन अब किसानों से 2400 प्रति क्विंटल की दर से ही गेहूं की खरीदी की जा रही है, जो कि सरासर किसानों के साथ सरकार द्वारा किया जा रहा छलावा है। इसी प्रकार की पीड़ा कृषक सुशीलाबाई द्वारा बयान करते हुए बताया कि उसके द्वारा समर्थन मूल्य पर 11.5 क्विंटल गेहूं की फसल संबंधित उपार्जन केंद्र पीतांबरा वेयरहाउस पर 11 अप्रैल को तुलवाई गई थी। जिसकी भुगतान राशि उसे जो अनाज खरीदी पावती दी गई है उसमें 27600 बताई गई है। उक्त राशि में से मेरा सोसायटी का बकाया ऋण 13081.25 वसूली बात कर शुद्ध राशि 14518 रुपए बताई गई थी। महिला कृषक ने बताया कि सोसायटी की बकाया ऋण राशि 13081.25 उससे नगद जमा करवाने का कहा जा रहा है। जबकि उक्त राशि को मेरी उपज जो उपार्जन केंद्र पर तोली गई है उसमें से काट लिया गया है। इसी प्रकार की पीड़ा क्षेत्र के उन हजारों किसानों की है जिन्होंने सोसायटी से ऋण लिया था। तथा समर्थन मूल्य पर अपनी उपज को तुलवाया था।

### समय पर राशि न जमा करने पर संस्था को ब्याज चुकाना पड़ेगा

जिन किसानों द्वारा सहकारी समितियों (सोसायटी) से कृषि ऋण लिया गया था यदि संबंधित किसानों द्वारा 30 अप्रैल तक अपनी ऋण राशि संस्था में जमा नहीं करवाई तो उसे ऋण की राशि पर 14 प्रतिशत की दर से ब्याज का भुगतान भी करना पड़ेगा। अब सवाल यह उठता है कि जिन किसानों द्वारा समर्थन मूल्य पर अपनी उपज का विक्रय किया गया था तथा उनकी ऋण राशि भी तोली गई उपज में से काटी गई है ऐसे किसान दुविधा में पड़ गए हैं कि उन्हें फिर से या तो बाजार से ब्याज पर पैसा उठाना पड़ेगा या फिर संस्था में समय पर राशि न जमा करने पर संस्था को ब्याज चुकाना पड़ेगा।

**किसानों की समस्या को लेकर नेताओं की चुप्पी :** किसानों की इस जटिल समस्या को लेकर किसान हित की बात करने वाले राजनीति के दल के जनप्रतिनिधि व नेता के साथ किसान संगठन के नेता भी चुप्पी सादे बैठे हुए हैं तथा किसानों के हित में अपनी आवाज मुखर नहीं कर रहे हैं। जिसका खामियाजा किसानों को राशि काटी जाने के बाद फिर से राशि जमा करवाने को मजबूर होना पड़ रहा है।

# दस्तावेजों में हेरा फेरी कर लिया गया था लाभ!

### मामला कुंडलिया परियोजना पुनर्वास का



हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

कुंडालिया परियोजना पुनर्वास प्रक्रिया में भंडावद के जिन - जिन हितग्राहियों के खातों में 5 - 5 लाख की मुआवजा राशि डाली गई थी। वहां प्रक्रिया सवालों के घेरे में है, क्योंकि इसके लिए जो कूट रचित दस्तावेज संबंधितों द्वारा प्रस्तुत किये गये वहां कहां बने तथा किसके द्वारा बनाए गए यहां भी एक बड़ा जांच का विषय है। क्योंकि इन्हीं फर्जी दस्तावेजों के आधार पर शासन की करोड़ों रुपए की राशि का घोटाला किया गया। अब इस मामले में लोकायुक्त जांच की जा रही है जिसमें कई बड़े खुलासे हो सकते हैं। कुंडालियां पुनर्वास घोटाले मामले में सूत्र बताते हैं कि पुनर्वास राशि प्राप्त करने के लिए जो प्रकरण बनाकर भेजे गए थे उसमें अवयस्क को वयस्क बनाया गया जिसमे उनकी मार्कशीट के साथ आधार कार्ड में भी छेड़खानी कर उनकी जन्म तारीखों को बदला जाकर उनकी समग्र आईडी को भी बदला गया है व फर्जी तरीके से अंक सूची को तैयार किया जाकर पुनर्वास राशि प्राप्ति के लिए लगाया गया। अब इस मामले में सवाल यह उठता है कि आखिर किसके इशारे पर इतना जोखिम भरा और जालजासी का कार्यकर महत्वपूर्ण दस्तावेजों में हेरा फेरी की गई। आधार कार्ड जो की शासन द्वारा व्यक्ति की पहचान के लिए एक महत्वपूर्ण दस्तावेज माना जाता है जिसमें हेरा फेरी करने व उसमे छेड़खानी करना गंभीर अपराध की श्रेणी में आता है। इसी प्रकार अवयस्क को वयस्क बनाकर उनकी अंकसूची में बालिक बताकर उनकी जन्म तारीखों में हेराफेरी कर उन्हें वयस्क बनाया गया जो की अपने आपमें कई सवालों को जन्म दे रहा है। लोकायुक्त द्वारा की जा रही मामले की जांच में इस सबका बड़ा खुलासा हो सकता है।

### लोकायुक्त के नोटिस के बाद राजस्व विभाग में मचा हड़कंप

कुंडलिया परियोजना पुनर्वास मामले कुटरचित दस्तावेज के आधार पर की गई अनियमितताओं के उजागर होने के बाद लोकायुक्त द्वारा अपने विभाग में की गई शिकायत को संज्ञान में लेते हुए संबंधितों को नोटिस जारी किए जाने के बाद राजस्व विभाग के मातहतो में हड़कंप मचा हुआ है। बताया जाता है कि इस घोटाले के लिए सभी एक दूसरे पर ठीकरा फोड़ रहे हैं। यह चर्चा भी है कि जिला प्रशासन द्वारा इसके लिए जिम्मेदार बड़े अधिकारियों पर भी कार्यवाही की जाएगी या केवल खानापूर्ति होगी।

## अनिल प्रजापति को किया सम्मानित



**नलखेड़ा**। लाल बहादुर शास्त्री तकनीकी एवं प्रबंधन संस्थान देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर द्वारा ' शिक्षक सम्मान समारोह 2024 ₹ आयोजित किया गया इस समारोह में सरदार वल्लभभाई पटेल शासकीय महाविद्यालय नलखेड़ा में कम्प्यूटर विज्ञान विषय में कार्यरत अनिल प्रजापति को शिक्षा क्षेत्र में किए गए उत्कृष्टकार्य में योगदान एवं विद्यार्थियों के भविष्य को उज्जवल बनाने के लिए सतत समर्पण के लिए सम्मानित किया विक्रमशिला होटल नानाखेड़ा क्षेत्र उज्जैन में 19 अप्रैल को आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि डॉ आर सी ठाकुर अध्यक्ष अश्विनी शोध एवं अनुसंधान, निदेशक विक्रमादित्य विद्वत परिषद तथा श्री आदर्श शास्त्री (पौत्र) सलाहकार लाल बहादुर शास्त्री ग्रुप की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इस समारोह में सरदार वल्लभभाई पटेल शासकीय महाविद्यालय नलखेड़ा में कम्प्यूटर विज्ञान विषय में कार्यरत अनिल प्रजापति को शिक्षा क्षेत्र में किए गए उत्कृष्टकार्य में योगदान एवं विद्यार्थियों के भविष्य को उज्जवल बनाने के लिए सतत समर्पण के लिए सम्मानित किया गया। इस शुभ अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ जी एल रावल, स्टाफ एवं विद्यार्थियों द्वारा शुभकामनाएं एवं बधाइयां दी।

### कलेक्टर-एसपी ने अंतर- राज्यीय सीमा पर स्थित एसएसटी प्वाइंट का निरीक्षण किया

**नलखेड़ा**। कलेक्टर राघवेंद्र सिंह एवं पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार सिंह द्वारा संयुक्त रूप से जिले में मध्य प्रदेश एवं राजस्थान की सीमा पर स्थित एसएसटी प्वाइंट का औचक निरीक्षण किया गया। कलेक्टर व एसपी ने सुसनेर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पालड़ा, सेमली, व पटपड़ा एसएसटी नाकों का निरीक्षण कर एसएसटी टीम द्वारा प्रतिदिन वाहन चेकिंग संबंधी संधारित रिकॉर्ड की जानकारी प्राप्त की। कलेक्टर ने इस दौरान एसएसटी दल को निर्देशित किया कि अंतर- राज्य सीमा क्षेत्र में अवांछित गतिविधियों की रोकथाम के लिए बाहर से आने वाले वाहनों की सघन चेकिंग की जाए। बिना चेकिंग के कोई भी वाहन जिले की सीमा क्षेत्र में प्रवेश नहीं करें। इस अवसर पर एसडीएम मिलिंद ढोके एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## समर कैंप में बच्चों को दिए एकाग्रता से कार्य करने के टिप्स

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा



स्थानीय सरस्वती शिशु विद्या मंदिर माधवकुंज नलखेड़ा में ग्रीष्मकालीन गतिविधियों के अंतर्गत चल रहे समर कैंप के नवें दिन शनिवार को मुख्य अतिथि डॉ सुखदेव बैरागी द्वारा बच्चों को स्वामी विवेकानंद, डॉ एपीजे अब्दुल कलाम एवं अन्य वैज्ञानिकों के प्रेरक प्रसंग बताते हुवे एकाग्रता से कार्य करने के टिप्स दिए गए। शनिवार को कार्यक्रम की अध्यक्षता तरुण राठौर द्वारा की गई। विशेष अतिथि के रूप में विभाग समन्वयक राकेश जोशी, प्राचार्य शिवराम प्रजापति एवं प्रधानाचार्य ईश्वर सोलंकी उपस्थित रहे। समर कैंप में मेहंदी की कक्षा में प्रशिक्षक पायल मोदी द्वारा मेहंदी की बेहतरीन डिजाइन सिखाई जा रही है जिसमे बहिने उत्साह के साथ बढ़ चढ़कर भाग ले रही है। समर केम्प में अन्य विद्यालयों के 70 भैया बहिन भाग ले कर विभिन्न विधाओं में सम्मिलित हो रहे है।

## 17वां श्री भिलाला ठाकुर समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन कल

**नलखेड़ा**। 17वां श्री भिलाला ठाकुर समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन नलखेड़ा में कल सोमवार को आयोजित होगा। जिसमें 11 जोड़े विवाह बंधन में बंधेंगे। सम्मेलन की तैयारी के लिए शनिवार को आयोजन समिति के द्वारा आयोजन स्थल पर पहुंचकर सम्मेलन स्थल की विधिवत पूजन अर्चना कर भूमि पूजन किया गया। आयोजन स्थल पर टेंट एवं मंच व्यवस्था,साफ-सफाई एवं अन्य तैयारियां जारी है। इस मौके पर सम्मेलन समिति संरक्षक एडवोकेट दिनेश अस्तावत,सम्मेलन समिति अध्यक्ष गोवर्धन भिलाला, उपाध्यक्ष पर्वत सिंह भिलाला, कोषाध्यक्ष पुनम चन्द्र भिलाला,सचिव अर्जुन भिलाला, सह कोषाध्यक्ष गोविंद भिलाला,आयोजन समिति सदस्य रमेश भिलाला,गोवर्धन भिलाला आदि उपस्थित थे। उक्त जानकारी भिलाला समाज विवाह सम्मेलन समिति मिडिया प्रभारी राहुल भिलाला ने दी।



### अधिक से अधिक मतदान कराने के लिए किए जा रहे कई आयोजन

# मतदाता जागरूकता के तहत स्लोगन मेहंदी और रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों के तहत कलेक्टर प्रवीण सिंह ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश जारी किये गये है कि मतदाता जागरूकता के लिए शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में मतदाताओं को जागरूक करने एवं अधिक से अधिक मतदान कराने के लिए विभिन्न प्रकार के आयोजन किया जाये। इसी श्रृंखला में शासकीय महाविद्यालय रेहटी की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं नगर परिषद रेहटी द्वारा लोकसभा निर्वाचन के तहत मतदाता जागरूकता अभियान कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय परिसर में प्राचार्य डॉ अंजली गढ़वाल के संरक्षण में मतदाता जागरूकता के लिए स्लोगन रंगोली एवं मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।



राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ पुनीत कुमार मालवी एवं सहायक डॉ दीपक रजने ने बताया कि इस प्रतियोगिता में स्वीप प्लान के तहत स्वयंसेवकों ने बड़े उत्साह के साथ प्रतियोगिता में भाग लेकर रंगोली मेहंदी बनाई तथा स्लोगन लिखकर महाविद्यालय में उपस्थित नवीन वोटर एवं अन्य लोगों को ज्यादा से ज्यादा वोट डालने के लिए जागरूक किया। आयोजन में कार्यक्रम प्रभारी श्री राजाराम रावते एवं केंपस एम्बेसडर शेखर पैठारी, डॉ मनमोहन द्विवेदी, डॉ सुरेश सोलंकी सहित समस्त स्टाफ ने कार्यक्रम में सहयोग किया गया।



## टीबी टीकाकरण की धीमी चालः लक्ष्य 4 लाख था, केवल 25 हजार लोगों को टीके लगे

**सीहोर**। जिले में टीबी टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है, लेकिन अभियान लक्ष्य से काफी दूर नजर आ रहा है, जहां टीकाकरण में पात्र व्यस्क लोग इससे बचते हुए दिखाई दे रहे हैं। जिले में फरवरी माह से अभियान की शुरूआत हुई थी। दो माह बीत जाने के बाद भी 25 हजार लोगों को टीबी के वैक्सीन लगाए गए हैं, जबकि चार लाख लोगों को टीका लगाए जाने का लक्ष्य विभाग के सामने है।

उल्लेखनीय है कि टीबी बीमारी की रोकथाम के लिए व्यस्कों को टीबी वैक्सीन लगाए जा रहे हैं, स्वास्थ्य विभाग द्वारा इस कार्य के लिए एएनएम, सीएचओ को सोमवार और गुरुवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र और आंगनवाड़ी केन्द्रों में टीकाकरण करना है।

बीते दो महीने से टीकाकरण का कार्य किया जा रहा है, लेकिन टीकाकरण की गति काफी धीमी है। यह टीके 6 श्रेणी के लोगों को लगाए जा रहे हैं, टीबी मरीज एवं उनके संपर्क में आए लोग, धूम्रपान करने वाले, मधुमेह, 60 वर्ष से अधिक उम्र वाले, जिनका बॉडीमास इंडेक्स 18 से कम हो ऐसे लोगों को टीके लगाए जा रहे हैं।



### कहां कितने टीके लगे

जिले में अभी तक 25 हजार 515 लोगों को टीबी वैक्सीन लगाए गए हैं। इसमें आष्टा में 6341, बुधनी में 2419 , इछावर में 4184 , नसरूल्लागंज में 2594, रेंहटी में 1529, सीहोर में 3207, सीहोर नगर में 1737, श्यामपुर में 3504, वहीं 13913 पुरुषों को टीबी का वैक्सीन लगाए गए हैं, साथ ही 11578 महिलाओं को टीबी की वैक्सीन लगाए गए हैं। इसको लेकर लोगों में कई प्रकार की भ्रांतियां भी हैं, टीबी वैक्सीन की लोगों को जानकारी नहीं है, इसलिए वह डर भी रहे हैं, वहीं प्रचार प्रसार भी पर्याप्त नहीं हो पा रहा है। वहीं डॉ. मेहरवान सिंह जिला टीकाकरण अधिकारी का कहना है की टीकाकरण कार्य में जिला बेहतर कार्य कर रहा है, जिले का प्रदेश में तीसरा स्थान है, त्यौहार और छुटिटयों के कारण से काम थोड़ा धीमा हुआ है,आगामी दिनों में टीकाकरण में तेजी आएगी।

खबर संक्षेप



## सुभाष चौक में हुआ बाबा अमरनाथ बर्फानी प्याऊ का शुभारंभ

**देवास।** राजपूत युवा संगठन, शिव शक्ति नव दुर्गा उत्सव समिति द्वारा प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी बाबा अमरनाथ बर्फानी प्याऊ का शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि समिति अध्यक्ष सुरेश चौधरी, सराफा एसोसिएशन अध्यक्ष दिलीप जैन, अभय जैन, रवि कसेरा, गोपाल सोनी, अनिल माली सहित छोटी-छोटी कन्या एवं सुभाष चौक के रहवासियों ने प्याऊ का शुभारंभ किया। समिति वर्ष भर कई सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम करती है, लेकिन पर हमें प्याऊ लगाकर जो खुशी मिलती है उसकी बात ही अलग है। क्योंकि लालगेट से भोपाल चौराहा तक कोई पानी पीने की कही भी जगह नहीं है, लोग भटकते रहते हैं और जो पानी प्रकृति ने हमें फ्री दिया है वह पैसे से मिलता है। 70 प्रतिशत आबादी पैसे से पानी खरीदने में असक्षम रहती है। ऐसी भीषण गर्मी में मानवता वह जनहित में हमारा एक छोटा सा प्रयास रहता है। उक्त जानकारी समिति के शैलेन्द्र सिंह गौड़ ने दी।

### आज निकलेगी भव्य शोभायात्रा, मतदान जागरूकता रैली रहेगी आकर्षण का केंद्र

# शहर में दो दिवसीय कार्यक्रमों के अंतर्गत धूम-धाम से मनाई जा रही महावीर जयंती

### शनिवार शाम को हुआ रंगारंग सांस्कृति कार्यक्रम और निकली विशाल वाहन रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जियो और जिने दो का अमर संदेश देकर अहिंसा का पाठ सम्पूर्ण विश्व को पढ़ाने वाले जैन जगत के 24 वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामीजी का जन्म कल्याणक दिवस महावीर जंयती समग्र जैन समाज देवास द्वारा 21 अप्रैल रविवार को अपूर्व हर्षोल्लास एवं भक्ति भावना के साथ भव्यतम रूप से मनाया जा रहा हैं। इस अवसर पर विशाल आकर्षक शोभा यात्रा रविवार को प्रात 8.30 बजे श्री शंखेश्वर पार्श्वनाथ मंदिर तुकोगंज रोड से निकाली जाएगी। उल्लेखनीय है विगत 53 वर्षो से दिगम्बर एवं श्वेताम्बर जैन समाज द्वारा सामूहिक रूप से महावीर जयंती मनाई जा रही है। शनिवार को जयंति की पूर्व संध्या पर विशाल वाहन रैली शाम 5 बजे सयाजी द्वार से निकाली गई। वाहन रैली में समाज के पुरूष महिलाएं शामिल हुए। वही चार पहिया वाहन में महावीर जी की प्रतिमा आकर्षण का केंद्र रही। रैली में दो पहिया वाहनों में सवार महिलाएं ,युवतियां और बच्चें हाथों में ध्वज थामे चल रहे थे। शनिवार को आयोजित इस वाहन रैली का उद्देश्य शहर के नागरिकों को महावीर जयंती में होने वालों कार्यक्रमों से अवगत कराना था। शाम 7 बजे एक शाम महावीर के नाम के अंतर्गत समाज की माता बहनों एवं बालिकाओं द्वारा रंगारंग सांस्कृति कार्यक्रमों की प्रस्तुति मंडी धर्मशाला पर दी गई। रविवार को प्रात 7.30 से 8.30 बजे तक श्री शंखेश्वर पार्श्वनाथ मंदिर तुकोगंज रोड़ पर समग्र जैन समाज की नवकारशी आयोजित होगी।





#### चांदी का रथ होगा आकर्षण का केंद्र

अनेक आकर्षणों से सुसज्जित विशाल जन समुदाय को समेटे इस शोभा-यात्रा में चांदी के रथ में भगवान महावीर स्वामी विराजमान होकर नगर भ्रमण करेंगे। सुसज्जित झांकियाँ भी चल समारोह की शोभा बढ़ायेगी। भजन मंडलियां भक्ति गीत गाते हुए चलेगी। शोभा यात्रा में जैन समाज द्वारा मतदान हेतु जागरूकता लाने के लिए मातृ शक्ति अपने दो पहिया वाहनों पर मतदान अपील की तख्तियों के साथ मतदान जागरूकता रैली के रूप में आगे चलेगी। मार्ग में अनेक संस्थाओं द्वारा भव्य स्वागत किया जायेगा। महिलायें मस्तक पर 108 कलश धारण किये हुए शोभायात्रा में उपस्थित रहेगी। देवास नगर के सभी जैन मंदिर एवं स्थानक पर दर्शन लाभ प्राप्त करते हुए बड़ा बाजार, रज्जब अली मार्ग, कवि कालिदास मार्ग, जनता बैंक, कैलाश जैन मानव चौराहा, एम.जी. रोड़, पिपली बाजार, सरदार पटेल मार्ग, सुतार बाखल, पीठा रोड़, जवाहर चौक होते हुए श्री शंखेश्वर पार्श्वनाथ मंदिर तुकोगंज रोड़ एवं श्रमण संस्कृति सदन नयापुरा पर शोभा यात्रा समाप्त होगी। यहां पर श्रीजी का अभिषेक संपन्न होगा।

### क्रिकेट की गेंद को लेकर हुआ विवाद : तलवार लहराने वाले युवकों पर पुलिस ने की कार्रवाई



**देवास।** उज्जैन रोड स्थित इटावा क्षेत्र में शुक्रवार रात को क्रिकेट की बॉल को पैर से मारने पर विवाद हो गया। क्रिकेट खेल रहे कुछ युवक तलवार लेकर एक युवक को मारने दौड़े और उसके घर पर जाकर विवाद करने लगे। विवाद का सीसीटीवी फुटेज भी वायरल हुआ जिसमें कुछ युवक तलवार लेकर विवाद करते हुए नजर आए। मामले को लेकर फरियादी ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर अपराध दर्ज कर विवाद करने वाले चार आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज किया।

जानकारी के अनुसार चार युवक लल्ला, सलमान, सोनू खान, रवि उर्फ डमा कैलाश पिता सोमेश्वर के साथ विवाद करने लगे और तलवार लेकर मारने दौड़े। आसपास के लोगों ने बीच बचाव किया। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। फरियादी कैलाश ने चारों युवकों के विरुद्ध सिविल लाईन थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से तलवार जब्त कर आरोपियों के विरुद्ध 307, 352, 294, 323, 506, 34 के तहत अपराध दर्ज किया है। शनिवार दोपहर सिविल लाईन थाना पुलिस ने क्षेत्र में आरोपियों को जूलुस भी निकाला। फरियादी कैलाश ने बताया कि शुक्रवार शाम को वह उसकी पत्नी के साथ ससुराल से आया ही था घर के बाहर खड़े थे। घर के सामने एक खाली मैदान है वहां पर लल्ला व उसके अन्य साथी क्रिकेट खेल रहे थे। गेंद अचानक मेरे दरवाजे के पास आई तो मैंने उसे पैर से मारकर क्रिकेट खेल रहे युवकों की और कर दी।

इसी बात को लेकर लल्ला पास आया और गालियां देते हुए बोला कि तेरे हाथ नहीं है क्या टूट गए है जो पैर से गेंद मार रहा है। मैंने उससे कहा कि गालियां क्यों दे रहा है, उसके बाद लल्ला ने कहा कि तुझे अभी बताता हूं। कुछ देर के बाद लल्ला उसके भाई सलमान व उनके दो साथी सोनू खान, और रवि उर्फ डमा तलवार लेकर आए और मुझे मारने के लिए दौड़े व बोले की आज तो तुझे जान से ही खत्म कर देंगे। मेरे माता-पिता मोहल्ले के ओमप्रकाश प्रजापति, संजय पंवार, गोकुल बैरावत, ने बीच बचाव किया फिर में थाने पर रिपोर्ट करने आया था।

## पोषण शिक्षा अभियान के तहत व्याख्यान माला का आयोजन

**देवास।** महारानी पुष्पमाला राजे पवार शासकीय कन्या महाविद्यालय देवास के गृह विज्ञान विभाग द्वारा चलाए जा रहे पोषण शिक्षा अभियान के अंतर्गत व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया,जिसके अंतर्गत प्रथम दिवस शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय उज्जैन की प्रोफेसर नमिता जैन ने किशोरी स्वास्थ्य में पोषण का महत्व विषय पर व्याख्यान दिया। प्रो. जैन ने कहा कि किशोरावस्था का पोषण स्वस्थ जीवन का निर्धारण करता है। अतः किशोरावस्था में विवेक पूर्वक भोज्य पदार्थों का चयन करना चाहिए ताकि शारीरिक आवश्यकता अनुसार सभी पोषक तत्व मिल सके। साथ ही प्रोटीन ,विटामिन, मिनरल सहित सभी पोषक तत्वों की किशोरी स्वास्थ्य में भूमिका स्पष्ट की और भारतीय परंपरागत व्यंजनों के पोषणिक योगदान को स्पष्ट किया।कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ. भारत सिंह गोयल ने कहा कि गृह विज्ञान विभाग द्वारा पोषण शिक्षा के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कार्य किया जा रहा है जिसमें महाविद्यालय की प्रत्येक छात्रा की भागीदारी सुनिश्चित होना चाहिए। और ऐसे व्याख्यानों के आयोजन वर्ष भर नियमित रूप से किए जाने चाहिए। व्याख्यान माला के द्वितीय दिवस शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय उज्जैन की प्राध्यापक डा. रेखा शर्मा ने पोषण शिक्षा की उपयोगिता पर अपने विचार व्यक्त किए। आपने कमजोर वर्ग जैसे बच्चों, गर्भवती महिलाएं एवं बुर्जुगों में कुपोषण की रोकथाम के लिए पोषण शिक्षा की आवश्यकता पर जोर दिया। स्वस्थ भारत के निर्माण में कुपोषण एक बड़ी बाधा है अतः शारीरिक आवश्यकता अनुसार पोषक तत्वों की उपलब्धता समुदाय के प्रत्येक व्यक्ति को होना चाहिए। इसके लिए भोज्य पदार्थों में उपलब्ध पोषक तत्वों का ज्ञान होना अत्यंत आवश्यक है। प्रो.प्रियंका वर्मा ने गर्भावस्था में संतुलित आहार विषय पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि किसी भी देश की उन्नति उसके नागरिकों के स्वास्थ्य पर निर्भर होती है यदि गर्भवती महिला को संतुलित आहार प्राप्त होगा तो आने वाली संतति निरोग होगी अतः गर्भावस्था में बढ़ती हुई आवश्यकता के अनुसार प्रोटीन ,विटामिन, मिनरल तथा ऊर्जा की प्राप्ति हेतु भोज्य पदार्थों का सही चयन किया जाना चाहिए। आपने महंगे फलों एवं भोज्य पदार्थों के स्थान पर स्थानीय स्तर पर उपलब्ध मौसमी फल एवं सब्जियां तथा अन्य भोज्य पदार्थ के सेवन पर बल दिया। व्याख्यान माला के तृतीय दिवस विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन की गृह विज्ञान संकायाध्यक्ष डॉ.शशिप्रभा जैन ने पोषण शिक्षा में प्रयुक्त होने वाली श्रव्य दृश्य सामग्री पर विस्तार से चर्चा की। तथा सामुदायिक स्वास्थ्य में पोषण शिक्षा की भूमिका स्पष्ट करते हुए पाक क्रिया के अंतर्गत भोजन के पोषक तत्वों की कमी को रोकने की तकनीके साझा की। कार्यक्रम का संचालन गृह विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. अनीता भाना ने एवं आभार गृह विज्ञान की प्राध्यापक प्रो .वर्षा गोले ने माना।




## सुर, ताल और लय का संगम है संगीत:सोलंकी

**देवास।** गायन सीखने का सबसे बड़ा तरीका है सुनना । सुर, ताल और लय का संगम है संगीत । पहले गायन सीखने के संगीत सीखना अनिवार्य होता था अब आप सुनकर भी गायन की समझ बना सकते है यह बात मुख्य अतिथि प्रख्यात गायक व विकासखंड शिक्षा अधिकारी अजय सोलंकी ने कही। महारानी चिमनाबाई हायर सेकंडरी स्कूल में चल रहे समर स्कील केम्प में शनिवार को छात्राओं ने नृत्य, गायन व वादन संबंधित अनेक बारीकियां सीखी ।

विद्यालय की संगीत शिक्षिका नीलम पटेरिया ने तबले व हारमोनियम की विभिन्न जानकारी देते हुए तानपुरा, सितार और वीणा में अंतर बताया। विशेष अतिथि जुगलकिशोर राठौड़ ने कराओके विधा विशेषता व बारीकियों से अवगत कराते हुए फीमेल आवाज में सत्यम शिवम सुंदरम गाकर सभी को चौका दिया। प्राचार्य रुचि व्यास ने छात्राओं को गायन हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन हितेन्द्र यादव ने किया आभार आदिल पठान ने माना। इस अवसर पर विद्यालय परिवार की विनीता शर्मा, दीपाली मिरजकर, किरण खिंची, अंकित गरासिया, रामकली मेहरा, राखी धाणी, अर्चना कहार, ज्ञानेश्वरी पटले व अनेक छात्राएं उपस्थित थी।




## स्वच्छता अभियान चला कर स्वच्छता के साथ दिया मतदान करने का संदेश

**देवास।** श्री कृष्णजीराव पवार शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय देवास की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय रासेयो क्षेत्रीय निर्देशालय भोपाल के मार्गदर्शन एवं कार्यक्रम समन्वयक रासेयो विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन के निर्देशन में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ रतन सिंह अनारे की अध्यक्षता में शहीद दिवस श्रृंखला के अंतर्गत दूसरे दिन महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा स्वच्छता के साथ दिया मतदान करने का संदेश मीठा तलाब पर स्वच्छता अभियान चला कर दिया। साथ ही महाविद्यालय में स्थित महात्मा गांधी जी की प्रतिमा की सफाई कर उसके आसपास सफाई की गई। शासकीय महाविद्यालय हाटपिपलिया, शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय देवास, शासकीय कन्या महाविद्यालय देवास, नारायण विद्या मंदिर क्रमांक 1, शासकीय नवीन विज्ञान महाविद्यालय देवास में भी इसी तारतम्य में एनएसएस इकाई द्वारा अपने परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया और मतदाता जागरूकता का संदेश देने वाली गतिविधियों का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के पी के रासेयो कार्यक्रम अधिकारी प्रो राकेश कोटिया ने बताया कि स्वयं सेवको ने मीठा तलाब का घाट साफ किया, आस पास की पॉलिथीन एकत्रित की, इसके बाद मानव श्रंखला बना कर मतदान करेंगे और दूसरो को भी करने के लिए प्रेरित करेंगे की शपथ ली। महाविद्यालय के इको क्लब प्रभारी ने विश्व वसुंधरा दिवस जो की 22 अप्रैल को है जिसकी थीम ग्रह बनाम प्लास्टिक है के बारे में बताया और सभी से प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने को कहा। इस अवसर पर 45 स्व्यसेवक उपस्थित थे। जानकारी प्रो जितेंद्र सिंह राजपूत ने दी।



## अध्यक्ष राठौड़ और सचिव ठाकुर का हुआ सम्मान

**देवास।** मध्य प्रदेश स्केट्स खो के उपाध्यक्ष पावन पाटिल ने बताया कि पिछले दिनों दिल्ली में आयोजित स्केट्स खो फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा मध्य प्रदेश स्केट्स खो एसोसिएशन का गठन किया था।जिसमे एसो.के अध्यक्ष पद पर चेतन राठौड़ एवं सचिव पद पर राजवीर ठाकुर को नियुक्त किया गया था। इसी उपलक्ष्य में उत्कृष्ट विद्यालय परिसर में एक कार्यक्रम आयोजित कर दोनों ही नवनियुक्त साथियों का पुष्प माला पहनाकर स्वागत कर मुंह मीठा करवाया गया। इस अवसर पर उपस्थित महेंद्र सिंह दलवी, पवन यादव, अभय श्रीवास, शेलेंद्र चंद्रवंशी, सूरज बामनिया, देवराज सांगते, अश्विनी यादव, अर्पणा यादव, सुनील मालवीय, तन्मय मेहता, किरण राव, युवराज सिंह,धर्मेंद्र सोलंकी ,ऋतुराज गोहिल ,ऋतिक मुक्ति ,रश्मि ठाकुर ,प्रियंका ठाकुर ,उर्वशी मंडलोई ,प्रियांशी कम ,विशाल सिंह ,आलोक सिंह ,सुमित शर्मा ,उदय भावसार ,निखिल सिंह ,साक्षी चौहान ,लखन योगी ,चेतन चौधरी ,रोहित चौधरी ,,निखिल पटेल ,शीतल चौधरी ,हरी प्रिया यादव ,तनीषा पांचाल ,आकाश चौहान, रोहित चौहान ,भावना कुमकुम, गोरेश्वरी ,गौरव ,रोहित,आकाश आदि ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी।




### श्रीराम कथा महोत्सव में साध्वी सत्यप्रिया को सुनने उमड़ रही श्रोताओं की भीड़

# जंहा लोभ, क्रोध और काम वहां नहीं रामः साध्वी सत्यप्रिया





हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

मन से भजन, तन से कर्म और धन से सत्कर्म करने वाला भक्ति का सुपात्र बनता है। समय बितता जा रहा है। समय रहकर किया गया सत्कर्म ही भगवान भक्ति है। धन से कर्म करने के बाद तन को सत्कर्म में लगाए और मन को सतधर्म में लगाए। शुभ कर्म को कल पर नहीं टाले और अशुभ कर्म को तत्काल टालें। दशरथ के मन में राम को राजा बनाने का विचार आया तो सारी अवध में खुशी छा गई मगर देवताओ के मन में दुख और चिंता सताने लगी क्योंकि भगवान राम का अवतार दुष्टों का नाश करने के लिए हुआ है, अगर राम राजा बन गए तो राजा बनकर ही रह जाएंगे। संसार में राम राज्य कैसे स्थापित करेंगे। तभी सरस्वती ने मंथरा की मति को खराब किया। तुलसीदास जी ने मंथरा मंदमति कहा। मंद मति वो है जो महाराजा, महान गुरू और अमात्य के निर्णय को बदल दे वो मंद मति कही जाती है। राम चरित मानस एक ऐसा दर्पण है, जिसमें हम अपने आप को देखकर जीवन की विकृति को दूर कर सकते हैं। यह विचार कैलादेवी मंदिर में हो रही श्रीराम कथा महोत्सव के पंचम दिवस पर साध्वी सत्यप्रिया दीदी ने अनेक आध्यात्मिक विश्लेषणों के साथ कहे।आपने राम वन गमन के दृष्टांतों का मार्मिक चित्रण करते हुए कहा कि जहां लोभ, क्रोध और काम होता है वहां राम नहीं होते। कैकई अगर दो वचन नहीं मांगती तो राम राजा बनकर रह जाते। संसार में मर्यादा, शील और समर्पण के भावों को प्रभु राम ने मनुष्यों को दिखाया है तो वहीं राम चरित मानस ने जन मानस तक पहुंचाकर सनातन को मजबूत किया है। कथा में विशेष रूप से सांसद महेन्द्रसिंह सोलंकी ने आकर व्यासपीठ से साध्वी सत्यप्रिया से आशीर्वाद लेते हुए कहा कि देवास में महान प्रवक्ता साध्वी ऋतुम्भरा आने वाली थी किंतु सत्यप्रिया दीदी के द्वारा राम कथा सुनकर ऐसा लगा कि साध्वी ऋतुम्भरा दीदी मां की प्रतिमूर्ति ही कथा कह रही है। आरती में भाजपा जिला उपाध्यक्ष गौतमसिंह राजपूत, कथा संयोजक रायसिंह सेंधव, अध्यक्ष दुर्गेश अग्रवाल, पूर्व महापौर शरद पाचुनकर, राजेश यादव, राष्ट्रीय कवि शशिकांत यादव, देवकृष्ण व्यास, चंद्रपालसिंह सोलंकी, मनीष जैन, सुभाष पंड्या, इंदौर से दिनेश अग्रवाल, रमेश गर्ग, मेहतवाड़ा से भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेश शर्मा, अकेसिंह, एडव्होकेट दिनेश वर्मा, रमण शर्मा तथा कृष्णजन्म भूमि न्यास समिति की म.प्र. कार्यकारिणी सचिव बबीता शर्मा आदि उपस्थित थे। व्यासपीठ की पूजा मन्नुलाल गर्ग एवं परिवार ने की।

## शर्मा परिवार ने मंदिर समिति को भेंट की राशि



हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

नगर के नवनिर्मित श्री राम मंदिर में प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा के दौरान शिखर कलश स्थापित करने की बोली का लाभ आनंद शर्मा द्वारा लिया। शर्मा द्वारा 2 लाख15 हजार की बोली लगाकर लाभ लिया गया था। शनिवार के दिन आनंद शर्मा द्वारा श्री राम मंदिर पहुंच कर मंदिर समिति के सदस्यों को बोली की 2 लाख 15 हजार रुपए की नगद राशि भेंट की गई। इस दौरान आनंद शर्मा ने बताया कि उन्होंने कभी ऐसा सोचा नहीं था, कि कलश स्थापना का सौभाग्य उन्हें मिलेगा। बोली के समय वह मंदिर पहुंचे थे, जहां पर ईश्वर की कृपा से बोली लगाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ और बोली उन्हें मिल गई। इसी दौरान समिति कि ओर से भी शर्मा परिवार का आभार व्यक्त किया गया। इस दौरान गंगाराम पाटीदार, दिनेश पाटीदार, धर्मेंद्र सिंह सेंधव, दयाराम यादव, मदनदास वैष्णव, किशोर यादव अरूण वैष्णव, दीनदयाल वैष्णव, विकास त्रिवेदी, रवि पाटीदार, गणेश सेंधव आदि उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

## वास्तवार दंपत्ति ने रक्तदान कर मनाई विवाह वर्षगांठ



**सीहोर।** नवयुवकों और नवयुवा दंपत्ति में अपने जन्मदिन व विवाह वर्षगांठ के अवसरों को यादगार बनाने के लिए अनूठे प्रयास किए जा रहे हैं. इन प्रयासों में पौधरोपण करना, रक्तदान करना या फिर निर्धन बच्चों को शिक्षण सामग्री प्रदान करना शामिल है. इसी क्रम में शुक्रवार को शहर के मण्डी क्षेत्र निवासी वास्तवार दंपत्ति ने अपनी 20वीं वर्षगांठ को यादगार बनाने के लिए रक्तदान का निर्णय लिया. अपनी 20वीं वर्षगांठ के मौके पर चेतन वास्तवार व उनकी पत्नी रोहिणी वास्तवार जिला अस्पताल पहुंचे और रक्तदान किया। जिला अस्पताल में स्थित रक्तदान यूनिट ने वास्तवार दंपत्ति के रक्तदान के बाद बकायादा उन्हें प्रमाण पत्र भी प्रदान किए। इसी के साथ ही जिला अस्पताल की रक्तदान यूनिट के सदस्यों ने वास्तवार दंपत्ति को विवाह वर्षगांठ के अवसर पर स्वागत कर बधाई भी दी।

## संदिग्ध व्यक्तियों की गतिविधियों पर नजर

**सीहोर।** एसपी मयंक अवस्थी ने उपस्थित पुलिस अधिकारियों, पुलिस कर्मियों तथा सेक्टर अधिकारियों से संयुक्त रूप से अपने क्षेत्र में नियमित भ्रमण करने तथा असामाजिक एवं अवांछित व्यक्तियों के विरुद्ध कार्रवाई करने निर्देश दिए हैं। बाहरी व्यक्तियों के आगमन व उनकी गतिविधियों सतत नजर रखी जाए।

### 18 करोड़ से ज्यादा की नल-जल योजना में लगा लापरवाही का ग्रहण

# जल संकट से जूझ रहे लोग, 6 साल के इंतजार के बाद भी नहीं आया नल से जल

आखिर किसके संरक्षण में रियान वॉटर टैंक पर नहीं हो रही कार्यवाही? ठेकेदार नहीं प्रशासन से सांठ गांठ कर रखी होगी इसीलिए नहीं हो रही है कोई ठोस कार्यवाही?

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोठरी





आमजन को रोजाना नहीं मिल पा रहा शुद्ध पेयजल अपनी समस्या को लेकर जनप्रतिनिधियो एवं नागरिकों ने भी अवगत कराया कई बार उच्च अधिकारियों को फिर भी समस्या नहीं हो पाई हल, क्षेत्र वासियों के लिए छलावा साबित हो रही 18 करोड़ से ज्यादा की नल जल योजना, नगर परिषद कोठरी में एमपी यूडीसी के अंतर्गत 18,68,60147 की अनुमानित लागत से परियोजना चालू की गई पर रियान वॉटर टैंक के ठेकेदार द्वारा लापरवाही की भेंट चढ़ती दी गई, कार्य प्रारंभ अगस्त 2017 में हुआ था जिसके 6 साल से भी ज्यादा बीतने को आई पर नगर वासियों को अभी तक नालों से जल नहीं दे पाया ठेकेदार, जिस प्रकार की कछुआ चाल से एवं घटिया किस्म के कार्य चल रहे हैं उस प्रकार से लोगों के बीच चर्चा का विषय बन रहा है की ऊपर से नीचे तक किस प्रकार से ठेकेदार नहीं सांठ-गांठ करके लापरवाही का पहाड़ खड़ा कर दिया और कोई ठोस कार्रवाई तक नहीं हो पा रही है ठेकेदार पर?

### ढाई साल में होने वाले कार्य को हो गए 6 साल से भी ज्यादा

5 साल में सरकार बदल जाती है पर 6 साल में नल जल योजना नहीं हो पाई चालू ।मध्य प्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड द्वारा नगर परिषद कोठरी में नल जल योजना का कार्य कछुआ चाल चल रहा है, जिसमें ठेकेदार समय अवधि लगभग ढाई साल ली गई थी पर 6 साल से भी ज्यादा बीतने को आए पर नगर वासियों को अभी तक नल से जल नहीं दे पाया ठेकेदार, ठेकेदार के कारनामे इस प्रकार हैं जिसमें आगे पाठ पीछे सपाट यानी की पहले किए हुए कार्य जर्जर हो गए और नए काम अभी पूर्ण नहीं हुए कई जगहों पर तो नलिया टूट गई जो आरंभिक अवस्था में डाली गई थी और कई जगह पाइपलाइन डालना भी अभी बाकी है।

### प्रतिदिन नहीं मिल रहा पानी

नगर परिषद कोठरी में प्रतिदिन नहीं मिल पा रहा पानी भीषण जल संकट से जूझ रहे नगर वासी, नगर वासियों की माने तो योजना के क्रियान्वयन में ठेकेदार व अधिकारियों की मिली भगत से घटिया सामग्री का उपयोग किया गया है। जिन्होंने कार्य में लापरवाही कर योजना को पलीता लगाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रखी है। खामयाजा अब क्षेत्र की भोली भाली जनता को भुगतना पड़ रहा है। नगर वासियों को कोसों दूर से पानी लेकर आना पड़ रहा है।

### पाइप लाइन में गड़बड़ी

नगर वासियों के अनुसार पाइपलाइन विस्तार कार्य ही सही तरह से नहीं किया जा रहा है। टेस्टिंग के समय भी कई बार पाइप लाइन फूटने,टूटने और कई जगह पर नलियां टूटी हुई निकल रही है। 18 करोड़ से ज्यादा की लागत की योजना होने के बावजूद लोगों को कुए और प्राकृतिक स्त्रोतों एवं निजी बोरो पर पानी लेने जाना पड़ता है, पेयजल के लिए भारी संकट नगर वासियों को नजर आ रहा है।

### जिम्मेदार बोले, उच्च अधिकारियों को लिखित शिकायत से कराया अवगत

नगर परिषद कोठरी के मुख्य नगर पालिका अधिकारी नरेंद्र जाटव का कहना है कि उच्च अधिकारियों को पत्र लिखकर एवं मौखिक तरीके से समस्या के बारे में अवगत कराया गया है लगातार हम प्रयास कर रहे हैं की नगर वासियों को कोई पानी की समस्या ना हो। एमपी यूडीसी के सिविल इंजीनियर एल के मिश्रा से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि मुझे अभी आए हुए डेढ़ माह हुआ है तभी से बड़े तेजी से काम चल रहा है अब आगे वालों ने किस प्रकार से काम कराया वह जानते हैं, मेरा प्रयास है कि जल्द काम पूरा हो।

# ट्रैक्टर पार्टस की दुकान में लगी भीषण आग

### लाखों का समान जल कर खाक



**आष्टा।** पाट्र्स की दुकान में बीती रात्रि में लगी आग से जलकर राख हुआ सामान।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

आष्टा नगर के नये बस स्टैंड पर गायत्री मन्दिर के सामने नपा की बनी दुकानों के मार्केट में स्थित पाकीजा पाट्र्स की दुकान में बीती रात्रि में करीब 11 बजे के आस पास आग लग गई,थोड़े समय मे ही आग ने भीषण रूप धारण कर लिया।

आस पास के लोगो ने जब धुंआ ओर उसके साथ आग की लंबी लंबी लपटे देखी तो मौके पर पहुच कर दुकान मालिक फरहान को एवं पुलिस,फायर बिग्रेड को सूचना दी। सूचना पर फायर बिग्रेड मौके पर पहुची ओर आग पर बड़ी मशक्कत के बाद काबू पाया। फिलहाल दुकान में आग लगने का कारण अज्ञात है पुलिस इसकी जांच में जुटी है पाकीजा ऑटो पाट्र्स की दुकान में हुई आगजनी की घटना में लाखों का नुकसान होने का अनुमान लगाया जा रहा है। दुकान मालिक फरहान के अनुसार दुकान में ट्रेक्टर्स के पार्टस, आइल, बैटरी बेचे जाते है । जिसकी कीमत दुकान मालिक फरहान के अनुसार 50 लाख रुपए से ऊपर बताई जा रही है वही अब तक राजस्व विभाग के पास इस आगजनी की कोई जानकारी नही है,ओर ना ही घटना के 12 घंटे बाद मौके पर कोई भी जिम्मेदार दुकान मालिक के पास पहुचा है ऐसे में अब दुकान मालिक का आग लगने से लाखों रूपए का सामान जलकर खाक होने से बडा आर्थिक नुकसान हों गया है वही दुकान मालिक ने बताया की उसके ऊपर बैंक कर्ज के साथ व्यापारियों के सामान की उधारी भी देना है जिससे अब पुनः दुकान शूरू कैसे करे यह चिंता सताने लगी है लिहाजा दुकान मालिक फरहान ने शासन प्रशासन से आर्थिक मुआवजे की मांग की है।

### श्री गोंदन सरकार धाम पर हुआ आयोजन

**सीहोर।** हर साल की तरह इस साल भी श्रीराम राम नवमी के पावन अवसर पर शहर के चाणक्यपुरी स्थित श्री गोंदन सरकारधाम पर दो दिवसीय दिव्य अनुष्ठान का आयोजन किया गया था।इस संबंध में जानकारी देते हुए पंडित जितेन्द्र चतुर्वेदी ने बताया धाम पर हर साल भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव यहां पर मौजूद आस्थावान श्रद्धालुओं के द्वारा मनाया जाता है। दो दिवसीय कार्यक्रम के अंतर्गत लगातार चौबीस घंटे तक श्रीराम चरित मानस का पाठ किया गया और उसके पश्चात भगवान श्रीराम का अभिषेक और प्रसादी का वितरण के अलावा कन्या भोज पुजारी मनीष शर्मा के द्वारा किया गया। इसके अलावा लगातार नौ दिन तक दुर्गा सप्तशती हवन का आयोजन भी किया गया। पंडित जितेंद्र चतुर्वेदी ने बताया कि त्रेता युग में जन्मे राम की महिमा का गुणगान कलयुग में करने से राम भक्त भविष्य में आने वाली हर विघ्न-बाधा को सफलतापूर्वक पार कर लेते हैं। मर्यादा में रहकर भवसागर से कैसे करना है, इसका उदाहरण राम चरित्र में मिलता है, फिर वह चाहें एक पुत्र की मर्यादा हो अथवा भाई की मर्यादा, पति की मर्यादा, क्षत्रिय धर्म की मर्यादा, मानवीय मूल्यों की मर्यादा, राजा की मर्यादा इत्यादि, सभी मर्यादाओं का पालन विषम परिस्थितियों में श्री राम जी ने कष्टों को सहते हुए किया। त्रेतायुग से लेकर कलियुग में आज भी श्री राम की मर्यादा सभी के लिए प्रासंगिक है।

# वर्षा पूर्व सीएमओ ने ली सफाई अमले की बैठक



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

आगामी वर्षा ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए मुख्य नगरपालिका अधिकारी राजेश सक्सेना ने अपने अधीनस्थ स्वच्छता अमले के साथ आवश्यक बैठक की, जिसमे यह निर्णय लिया गया कि आगामी वर्षा ऋतु के पूर्व नगर के नाले व नालियो की समुचित सफाई की जाए ताकि बारिश का पानी नगर से बिना रुके अपने गनतव्य की ओर आसानी से पहुंच सके। इसके साथ ही नगर मे प्रतिदिन होने वाली सफाई के समय मे बदलाव करते हुए अब प्रतिदिन सफाई सुबह 6 बजे से 10 बजे तक होगी तथा दोपहर में 2 बजे से 5 बजे तक होना सुनिश्चित किया गया है।उत्कृष्ट कार्य करने पर होंगे सम्मानित - मुख्य नगरपालिका अधिकारी राजेश सक्सेना ने अपने आष्टा नगरपालिका के कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात् ही समस्त नपा अधिकारी एवं कर्मचारियों की बैठक आहूत करते हुए कहा था कि जो भी कर्मचारी पूरी ईमानदारी व लगन से काम करेगा उसका सम्मान किया जाएगा। इसी के परिणामस्वरूप ईद के दिन अचानक बारिश होने से नपा द्वारा ईदगाह पर की गई व्यवस्था प्रभावित हो गई थी। किंतु रात्रि में ही जमादार मनोज अपने सफाई मित्रों को साथ लेकर मौके पर पहुंचे और पूरी रात ईदगाह के आसपास की सफाई को चाक-चैबंद कराया। अपने कार्य को पहली प्राथमिकता देकर व्यवस्था सुचारू करने पर स्वच्छता निरीक्षक विनोद सांगते एवं जमादार मनोज घेंघट का सीएमओ राजेश सक्सेना ने सम्मानित कर दोनों कर्मचारियों को भेंट स्वरूप नए वस्त्र प्रदान किए। इस अवसर पर स्थापना प्रभारी मनीष श्रीवास्तव, दरोगा राजेश घेंघट, अमरदीप सांगते, पप्पू खरे, जितेन्द्र सिंगन, विनोद रतिराम, आशीष बैरागी, राहुल मालवीय, लखन डूमाने, सुनील सांगते, रितेश सांगते आदि मौजूद थे।

## श्री नवदीप दुर्गा उत्सव समिति ने निकाला चल समारोह, जगह-जगह हुआ स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



नगर में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष चैत्र नवरात्रि पर्व पर वार्ड क्रमांक 17 राठौर मंदिर चौराहे पर मां जगत जननी जगदंबे की स्थापना कर नवरात्रि के 9 दिनों तक विधि विधान से दोनों समय पूजन अर्चना आरती कर माता रानी की आराधना की गई एवं प्रतिदिन छोटी-छोटी कन्याओं द्वारा गरबा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए नवरात्रि के छठवें दिन माता रानी की विशाल महा आरती की अंतिम दिन मां जगत जननी का पंडित मनीष शर्मा ने यजवान द्वारा हवन आहुति संपन्न कराई। जगदंबे महारानी की प्रतिमा को नगर के प्रमुख मार्गो से बैंड बाजे ढोल नगाड़े के साथ चल समारोह के रूप मे जुलूस निकाला बुधवारा स्थित चौराहे पर कुशवाहा समाज जिला अध्यक्ष नरेंद्र कुशवाहा पूर्व पार्षद ने माता रानी की प्रतिमा की पूजन अर्चना आरती कर दर्शन किए सर्वप्रथम पंडित मनीष शर्मा का पुष्प माला एवं साफा बांधकर स्वागत किया नवदीप नवदुर्गा उत्सव समिति के प्रमुख सुरेश कुशवाहा , नरेंद्र कुशवाहा, दुर्गेश यादव, आकाश कुशवाहा, प्रकाश कुशवाहा मामा, सुशील कुशवाहा, रितेश लोधी, विजय कुशवाहा, मनीष कुशवाहा, राकेश कुशवाहा, आदि का मां पार्वती धाम गौशाला समिति कोषाध्यक्ष संजय सुराणा, कुशवाहा समाज तहसील स्तरीय अध्यक्ष राजकुमार कुशवाहा, शुभम कुशवाहा, राज कुशवाहा, नरेंद्र कुशवाहा पूर्व पार्षद ने पुष्पमाला एवं साफा बांधकर सभी का स्वागत किया।

## शासकीय नलकूप पर अतिक्रमण करने वाले दबंगाई परिवार को जेल भेजा, कार्रवाई कर बोर को कराया मुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



ग्राम पंचायत रसूलपुरा में एक दबंग परिवार ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा कराए गए शासकीय नलकूप बोर पर अतिक्रमण कर कब्जा कर रखा था।ग्रामवासियों की शिकायत पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्रीमती स्वाति उपाध्याय मिश्रा के निर्देशानुसार ग्राम रसूलपुरा में नल जल योजना के नलकूप पर अतिक्रमण की शिकायत पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों और पुलिस विभाग के अधिकारियों द्वारा मौके पर पहुंचकर पहले तो अतिक्रमणकर्ता व उनके परिवार को समझाइश दी गई। ग्रामीण का कहना था कि मेरी भूमि पर नलकूप बोर लगा है। उन्हें अधिकारियों ने बताया कि विभाग शासकीय भूमि पर ही नलकूप खनन कराता है,निजी भूमि पर नहीं।kअतिक्रमण नही हटाने पर एसडीएम से अपने अधिकारों का प्रयोग कर अतिक्रमणकर्ता पर प्रभावी कार्यवाही कर जेल पहुंचाया, इसके बाद शासकीय नलकूप को कब्जे से मुक्त कराया। प्राप्त जानकारी अनुसार मेहरबान सिंह के परिवार ने कब्जा कर रखा था। ग्राम पंचायत ने भी समझाया, नहीं माने।घर की दो महिलाओं व दो बालिकाओं ने विरोध किया तो लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के श्री वर्मा एवं मंगलेश दुबे सहित पुलिस अधिकारी ने समझाया, नहीं माने तो अनुविभागीय अधिकारी स्वाति उपाध्याय मिश्रा को अवगत कराया। उन्होंने पुलिस को इन चारों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। पुलिस ने धारा 151 का प्रकरण दर्ज कर एसडीएम के न्यायालय में पेश किया, जहां से इन चारों को जमानत पर रिहा किया गया। मंगलेश दुबे ने बताया कि उक्त बोर को कब्जे धारी व्यक्ति से मुक्त कराया।

# बुधवारा में जर्जर हो रहे सीएम राइज विद्यालय की छत गिरी, टला हादसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



नगर के सीएम राइज विद्यालय बुधवारा में एक कक्ष की छत दूसरी बार गिर गई। यह ईश्वर की कृपा रही की जब छत गिरी स्कूल का समय नहीं था, अन्यथा मासूम बच्चे चपेट में आते। उक्त विद्यालय लोकसभा चुनाव में मतदान केंद्र भी है। नगर के मतदान केंद्र क्रमांक 191 सीएम राइज स्कूल बुधवारा में है।जहां पर तीन मतदान केंद्र है। एक मतदान केंद्र पर 1274 मतदाता हैं तथा 389 विधार्थी अध्ययनरत हैं। प्रधानाध्यापक जितेन्द्र गुठानिया ने बताया कि हमारे विद्यालय के कक्ष की छत पहले भी गिर चुकी है और इस संबंध में विभाग के अधिकारी को अवगत करा दिया था। बीती रात को पुनः छत गिरी। उक्त विद्यालय भवन की पुराना भवन भी काफी जीर्ण शीर्ण अवस्था में है। किसी भी दिन बड़ा हादसा हो सकता है। जिस कक्ष की छत गिरी वह कक्ष कुछ सालों पुराना है। मतदान केंद्र क्रमांक 191 के बीएलओ अजय द्विवेदी ने बताया कि जब उन्हें मतदान केंद्र के कक्ष की छत गिरने की सूचना मिलने पर तत्काल स्कूल पहुंचे और मुख्य नगरपालिका अधिकारी राजेश कुमार सक्सेना को बताया। वे भी मौके पर पहुंचे।

### भगवान पार्श्वनाथ के दरबार में किया पंच परमेष्ठी विधान

# बिना तपे कल्याण नहीं हो सकता: मुनि सागर

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



पर्व जो इन दिनों में आया है ,उसी प्रकार हम भी आएं हैं। पर्यूषण महापर्व का सातवां दिन है।संयम के साथ तप जरूरी है। बिना तपे निखार नहीं आता है।जो कर्म बने हैं उन्हें अलग करने के लिए तप करना अनिवार्य है। जहां चारित्र ,वहां तप निश्चित होता है। बिना तप के निर्जरा नहीं।हम लोग तपना नहीं चाहते। लेकिन वह तप नहीं कर सकते हैं। तपने और जपने के लिए यह मानव शरीर मिला है।बोधी, समाधि में शरीर को लगाएं।भोग क्षेत्र में तपते हो तो धर्म क्षेत्र में भी तपे पुण्य अर्जित होगा। बिना तपे तीर्थंकर का भी कल्याण नहीं होता तो आप हम का कैसे कल्याण होगा। उक्त बातें नगर के श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र किला मंदिर पर विराजित पूज्य गुरुदेव मुनिश्री भूतबलि सागर महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनि सागर महाराज ने आशीष वचन देते हुए कहीं।

प्रवचन की जानकारी देते हुए समाज के नरेन्द्र गंगवाल ने बताया कि मुनिश्री ने कहा हमेशा समता भाव रखें बिना तपस्या किसी काम की नहीं।बाह्य तप के साथ अंतरंग तप जरूरी है। इसमें प्रायश्चित और विनय जरूरी है।विनय भी तप है।विनय के साथ रहें और स्वाध्याय अवश्य करें। मुनि सागर महाराज ने कहा आज व्यक्ति के पास धर्म आराधना, स्वाध्याय के लिए समय नहीं है, लेकिन मोबाइल चलाने तथा फालतू बातें करने के लिए समय है। आज समय का सदुपयोग नहीं हो रहा है। संसार में तप रहे हैं,व्यापार ,व्यवसाय में तप रहे,लेकिन आत्म कल्याण के लिए समय निकालें। शक्ति के अनुसार तप अवश्य करें। हमारी अर्थात जैन धर्म की तपस्या कड़क हो गई है, हमने समस्या बनाई है।मन नजदीक हो, धर्म सरल हो। सभी को तप करने का अवसर देवें। भावों में निर्मलता बनाएं। सभी को धर्म से जोड़ कर महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक महोत्सव को भव्य बनाएं।

# छात्रों के दल ने जैविक खेती के फायदे और कीटनाशकों के बारे में जाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



शुक्रवार को शहीद भगतसिंह शासकीय स्नातक महाविद्यालय आष्टा के बी.एस.सी के विद्यार्थियों का एक दल वनस्पति शास्त्र की विभाग अध्यक्ष डॉ. कुमकुम अग्रवाल एवं रसायन शास्त्र की डॉ.रचना श्रीवास्तव के साथ ग्राम वफापुर ढाकनी तहसील आष्टा स्थित अनिल वर्मा के जैविक कृषि फार्म पर पहुंचा। वहां पर जैविक खेती के फायदे और रासायनिक कीटनाशकों के साथ रासायनिक उर्वरकों के प्रयोग से मृदा को होने वाले हानियों के बारे में विस्तार से बताया गया। इस हेतु कृषि विज्ञान केंद्र सीहोर के वरिष्ठ वैज्ञानिक श्री संदीप टोडवाल एवं पर्यावरण विद श्री वरुण दुबे, उद्यानिकी विभाग के श्री संजय ठाकुर एवं गांव के कृषक श्री गोपाल ठाकुर जी, श्री देवकरण काका जी, श्री मखन सिंह जी अध्यापक, श्री सीताराम जी वर्मा, सोनू वर्मा एवं सुनील वर्मा जी सहयोग हेतु उपस्थित रहे। इस शैक्षणिक भ्रमण के दौरान बहुत ही ज्ञानवर्धक एवं उपयोगी जानकारी विद्यार्थियों को इन सभी के माध्यम से प्रदान की गई। जिससे वे भविष्य में जैविक खेती को एक व्यवसाय के रूप में भी अपना सकते हैं एवं मृदा को रासायनिक कीटनाशकों के उपयोग से होने वाले नुकसान से बचा सकते हैं। श्री अनिल वर्मा जी के खेत पर जैविक खेती के साथ-साथ बायोगैस प्लांट, सोलर पैनल, नाडेप टैंक , वर्मीकंपोस्ट का उत्पादन जीवामृत घन जीवामृत एवं प्राकृतिक खेती करने के सभी संसाधन उपलब्ध हैं। डॉ. कुमकुम अग्रवाल एवं डॉ. रचना श्रीवास्तव ने कृषि विज्ञान केंद्र सीहोर से आए सभी कृषि वैज्ञानिक एवं सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

### कलेक्टर के निरीक्षण में गायब मिले थे शिक्षक, कहीं स्कूल बंद

# डीईओ ऑफिस में अटके 8 शिक्षकों पर विभागीय जांच के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

विगत दिनों चुनावी व्यवस्तता के बीच कलेक्टर हर्ष दीक्षित ने तंवरवाड़ क्षेत्र के कुछ स्कूलों का औचक निरीक्षण किया था। इस निरीक्षण में कुछ स्कूल बंद मिले, कहीं शिक्षक नदारत तो कहीं बच्चों की उपस्थिति नगण्य थी। कुछ षिक्षक तो शाला से यह कहकर गायब थे कि चुनावी प्रशिक्षण में जा रहे हैं।

6 अप्रेल को हुए इस निरीक्षण के दौरान जब कलेक्टर श्री दीक्षित ने प्रषिक्षण सेंटर जाकर क्रॉस चेक किया तो ये षिक्षक वहां भी नहीं थे। इस गंभीर लापरवाही पर कलेक्टर ने दूसरे ही दिन जिला षिक्षाधिकारी देवेंद्र रघुवंषी एवं जिला परियोजना समन्वयक आर.के. यादव को तलब कर लापरवाह सभी आठों षिक्षकों पर विभागीय जांच (डिपार्टमेंटल इन्क्वायरी) बैठाने के तल्ख निर्देष दिए थे। इसके उपरान्त डीईओ




कार्यालय से सभी 15 षिक्षकों को शोकाज नोटिस भेजते हुए 7 दिवस में सभी से जवाब चाहा गया था।

### 7 की जगह हुए 14 दिन, पर नहीं हुई कार्रवाई

कलेक्टर ने यह निरीक्षण 6 अप्रेल को किया था। अगले दिन 7 अप्रेल को सभी 15 षिक्षकों को शोकाज नोटिस दिए गए थे। अधिकांष का जवाब 14, 15 अप्रेल तक डीईओ ऑफिस पहुंच गया लेकिन यहां से कोई कार्रवाई अभी तक हो नहीं पाई है।

### ये शिक्षक मिले थे गायब

जिन शिक्षकों को नोटिस दिए गए थे उनमें सरिता अडसूले मावि ढंढ, मीनाक्षी चैरसिया प्रावि ढंढ, मुकेष विजयवर्गीय, श्रृद्धा सक्सेना, बनवारी राठौर मावि कलीखेड़ा, मुष्ताक खान, बद्रीलाल यादव, शिवप्रसाद, पंवार, भोजराज मावि लहरचा, राममिषन तंवर मावि हिरनखेड़ी, योगेष गोयल बनेसिंह भील, शाहिद प्रहरी एवं डी.पी. पिपलोटिया उमावि कालीपीठ, महेंद्र सिंह हाड़ा एकीकृत शाला हिरनखेड़ा शामिल थे।


**कलेक्टर के निरीक्षण में कहीं स्कूल बंद तो कहीं शिक्षक गायब, 15 को नोटिस**

आज रविवार को ही देना है नोटिस का जवाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

चुनावी व्यस्तता के बीच कलेक्टर हर्ष दीक्षित चुनावी शनिवार दोपहर अचानक तंवरवाड़ के स्कूलों के औचक निरीक्षण पर निकल पड़े। इस निरीक्षण में कहीं उन्हें पूरा स्कूल ही बंद मिला तो कहीं कुछ शिक्षक बगैर जानकारी के गायब मिले। कोई शिक्षक चुनावी प्रशिक्षण में ड्यूटी होने का कहकर गायब था तो किसी ने दूसरा कारण अपने साथी स्टाफ को बता कर रखा था। शिक्षकों का यह झूठ उस समय पकड़ा गया जब, कलेक्टर श्री दीक्षित चुनावी प्रशिक्षण में ही पहुंच गए। जहां उन्होंने उक्त स्कूलों से गायब मिले शिक्षकों के बारे में क्रॉस चेकिंग करते हुए यह जानकारी ली कि वह इस प्रशिक्षण में है या नहीं। लेकिन, वे शिक्षक प्रशिक्षण में भी नहीं थे।

इस गंभीर लापरवाही पर कलेक्टर ने डीईओ को निर्देश दिए की लापरवाह शिक्षकों को नोटिस दिया जाए साथ ही आज रविवार को ही उसका जवाब लिया जाए। अगर दोषी पाए जाते हैं तो उन्हें निलंबित या अन्य कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश उन्होंने डीईओ को प्रदान किए गए।

**इन्हे दिए गए हैं शोकाज नोटिस**

जिन शिक्षकों को नोटिस दिए गए हैं उनमें सरिता अडसूल मावि ढंड, मीनाक्षी चौरसिया प्राथमिक विद्यालय ढंड, मुकेश विजयवर्गी एकीकृत मावि शाला कालीखेड़ा, श्रद्धा सक्सेना मावि कालीखेड़ा, बनवारी राठौर मावि कालिखेड़ा, मुश्ताक खान मावि लहरचा, भोजराज काशी कई लहरचा, रामकिशन तंवर महावीर हिरण खेड़ी योगेश गोयल उमावि कालीपीठ, बनेसिंह भील उमावि कालीपीठ, शाहिद प्रहरी उमावि कली पीठ डीपी पीपलोतिया उमावि कालीपीठ एल, शिवप्रसाद पवार मावि लहरचा, बद्रीलाल यादव महावीर लहरचा महेंद्र सिंह हाडा एकीकृत माध्यमिक विद्यालय हिरण खेड़ा शामिल है।

**इनका कहना है**

कुछ टीचर्स के जवाब आ चुके हैं। मैने अभी देखे नहीं हैं। कलेक्टर साहब ने वाट्सग्रुप बनाकर उपस्थिति का भी कहा था जो ये शिक्षक रोजाना कर रहे हैं। कल ही मैं इसको देखता हूं।

देवेंद्र रघुवंशी, डीईओ, राजगढ़

## शादी के बाद दहेज में स्कॉर्पियो व नकदी की डिमांड पूरी नहीं होने पर दिया तीन तलाक

**पुलिस ने 3 लोगों पर मामला किया दर्ज**

**जीरापुर।** नगर के आवास कॉलोनी निवासी शादी शुदा महिला ने ससुराल पक्ष द्वारा दहेज कि मांग जिसमें स्कार्पियो कार एवं नगदी आठ लाख रुपए कि मांग कि नवविवाहिता परिजन द्वारा दहेज नहीं देने पर तीन तलाक का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी अनुसार दहेज में स्कॉर्पियो की डिमांड न पूरी होने एवं नगदी दस लाख रुपए कि मांग कि मांग पुरी नहीं करने पर शौहर ने अपनी पत्नी को तीन तलाक दे दिया। पीड़ति महिला ने पुलिस से शिकायत कर आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग कि जिसपर पुलिस ने 3 लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न समेत अन्य गंभीर धाराओ में एफआईआर दर्ज की है। आवास कॉलोनी जीरापुर की रहने वाली महिला शाहिना बी ने पुलिस शिकायत के दौरान बताया कि उसकी शादी करीब 2 माह पुर्व मुस्लिम रीति रिवाज से इन्दौर में हुई थी पिता ने शादी में उनकी हैसियत के हिसाब से दहेज देकर विदा किया था. आरोप है कि शादी के बाद से पति समेत सास ससुर ने दहेज में स्कॉर्पियो की डिमांड की नहीं मिलने पर शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ति कर घर से निकाल दिया। पुलिस ने महिला की शिकायत के आधार पर आरोपी रासिख रशीद पिता आतिफ रशीद , आतिफ रशीद पिता हाजी अब्दुल रशीद , साजिदा पति आतिफ रशीद निवासी गुजरात भवन स्नेहलता गंज इन्दौर के खिलाफ धारा 498-।, 294 , 34 आईपीसी एवं दहेज प्रतिषेध अधिनियम- 3, दहेज प्रतिषेध अधिनियम -4 दहेज प्रतिबंध अधिनियम मुस्लिम महिला (विवाह पर अधिकार का संरक्षण अधिनियम 2019 की धारा 4 के तहत मामला दर्ज किया है।

### पुलिस ने किया एक स्थाई वारंटी गिरफ्तार

**ब्यावरा।** सुठालिया पुलिस ने एक स्थाई वारंटी को तामील किया हैं। थाना प्रभारी राधिका भगत के अनुसार ब्यावरा न्यायलय के प्रकरण में स्थाई वारंटी रामसिंह पिता मदनलाल हरिजन ग्राम टोड़ी फरार था, धारा में स्थाई गिरफ्तार वारंटी की न्यायालय द्वारा जारी किया गया था, जो कि हिकमत अमली से गिरफ्तार किया जाकर तामील कराने में सफलता प्राप्त की हैं।

## अपहृत नाबालिग का अपहरण कर दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**ब्यावरा।** करनवास पुलिस ने नाबालिक का अपहरण कर दुष्कर्म करने के आरोपी को पुलिस गिरफ्तार कर जेल भेजा है। थाना प्रभारी विवेक शर्मा ने बताया कि अपहता के मामा की रिपोर्ट पर कि उसकी भांजी नाबालिग है तथा जिसकी उम्र 16 साल 04 माह की है, को उसी के गांव का एक लड़का बहला फुसलाकर भगाकर ले गया है। धारा 363 अपहरण का केस दर्ज कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान अपहर्ता को ग्राम माधोपुरा जिला धार से दस्तयाब किया गया व अपहर्ता द्वारा अपने कथनों में बताया कि आरोपी ने मेरे साथ शादी का झांसा देकर गलत काम किया। आरोपी को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरुद्ध धारा पास्को एक्ट में इजाफा किया गया। आरोपी को न्यायालय में पेश किया जहां से जेल भेज दिया गया है।

## क्विज प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा, चार प्रतिभागी घोषित




**ब्यावरा।** स्थानीय शासकीय ने सुभाषचंद्र बोस स्नातकोत्तर महाविद्यालय में भारतीय मानक ब्यूरो की प्रमोशनल एक्टिविटीज के तहत मप्र उच्च शिक्षा विभाग के सानिध्य में एक क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें बीआईएस स्टेंडर्ड क्लब के सदस्यों द्वारा भाग लिया गया। सभी सदस्यों ने इस प्रतियोगिता में परीक्षा दी, जिसमें हो चार प्रतिभागी विजेता घोषित हुए। तेज सिंह यादव, चेतना साहू, धनराज सौगिक और हरिओम दांगी ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के उपरांत समस्त प्रतिभागियों को जलपान कराया गया। विजेता प्रतिभागियों को नगद पुरस्कार के रूप में प्रथम पुरस्कार 1 हजार रूपए, द्वितीय पुरस्कार 750 रूपए, तृतीय पुरस्कार 500 रूपए एवं चतुर्थ पुरस्कार 250रूपए दिए जाएंगे। कार्यक्रम समिति में संयोजक प्रो. अरविंद भारद्वाज, डॉ. नीतू वर्मा, सदस्य डॉ. हीरालाल प्रजापति एवं डॉ. अंकित सिंह गौर रहे। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आरके गुप्ता, प्रो. प्रमोद खरे, डॉ. भारती, प्रो. इंदिरा सांकवा, स्पोर्टस ऑफिसर एमजेड सैफी, प्रो. हेमंत शर्मा आदि उपस्थित थे। प्राचार्य द्वारा विजेताओं को प्रमाण पत्रों का वितरण किया गया एवं प्रतिभागियों को भी प्रमाण पत्र दिए गए।

### भाजपा नेता पर हमला, भर्ती

**अशोकनगर।** भाजपा के वरिष्ठ नेता अमरजीत सिंह छाबड़ा पर शाम 7:30 बजे बाइक से आए तीन लोगों ने लाठियों से हमला कर दिया। उनके हाथ और पैरों में चोटे आई है, उन्हें जिला अस्पताल अशोकनगर में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है। यह घटना उसे समय हुई जब वह अपनी बायपास रोड जमीन से वापस लौट रहे थे। यह हमला करने वाले मुंह पर कपड़ा बांधे हुए थे, अभी यह पता नहीं चल सका है कि यह आरोपी कौन है ज्ञात हो कि 2 साल पहले भाजपा नेता को अपनी जमीन को लेकर गांधी चौक पर धरने पर बैठना पड़ा था, उसके बाद यह हमले का मामला सामने आया है।

### मतदाताओं को जागरूक करने बाइक रैली निकाली

**विदिशा।** विदिशा जिले के सभी मतदाता अपने मत का उपयोग नियत मतदान केन्द्र पर पहुंचकर करें। इसके लिए निर्वाचन आयोग की मंशा अनुसार स्वीप गतिविधियो के तहत मतदाता जागरूकता के विविध कार्यक्रमों का आयोजन शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में एक साथ आयोजित किए जा रहे हैं। विदिशा नगरपालिका क्षेत्र में गुरूवार को बाईक रैली का आयोजन किया गया था।

## चोरी गई मारूति ओमनी वैन को पुलिस ने किया बरामद

**जीरापुर।** नगर के पंचोली चोक से एक मारूति जिसे अज्ञात चोर चुरा ले गए थे पुलिस द्वारा अल्प समय में चार पहिया वाहन चोरों को गिरफ्तार कर चोरी गई मारूति कार को बरामद किया।

17 अप्रैल को फरियादी संदीप पिता सत्यनारायण तिवारी उम्र 26 साल निवासी गुर्जर मोहल्ला ने रिपोर्ट किया कि 14 अप्रैल को रात करीब 11 बजे मैने अपनी सिल्वर रंग की मारुति सुजुकी ओमनी कार को पंचैली चैक भावसार मंदिर के पास जीरापुर में खड़ी कर दी थी जो सुबह वहां खड़ी नहीं मिली आसपास तलाश कि कोई पता नही चला। जिसकी कीमती करीब 4 लाख रुपये की है जिसे कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है। फरियादी की रिपोर्ट पर धारा 379 आईपीसी का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में विवेचना के दौरान चोरी




गई ओमनी कार की तलाश के प्रयास किए गए जो 17 अप्रैल को मुखबिर की सूचना पर से आरोपियों फरहान पिता मुबारिक हुसैन उम्र 23 साल निवासी हरिनगर कालोनी सुसनेर एवं निखिल पिता श्यामलाल मेघवाल उम्र 19 साल निवासी मैना रोड सुसनेर जिला आगर मालवा को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ करने पर आरोपियों द्वारा चोरी की गई ओमनी कार को बडियाखेड़ा थाना सुसनेर के पास रखना बताया जिसे ग्राम बडियाखेड़ा से जब्त की गई एवं आरोपियों से इस घटना में उपयोग की गई मोटरसाईकिल जप्त की गई । इस कार्यवाही में थाना प्रभारी रामकुमार भगत, सहायक उपनिरीक्षक प्रकाश भिलाला, सउनि मन्नूलाल, आरक्षक रवि जाट, गणेश, सुनील, गोविन्द की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### शासकीय विद्यालय भगवान भरोसे

## नरसिंहगढ़ ब्लॉक में कुछ शासकीय विद्यालय बने धर्मशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ नरसिंहगढ

जिले के नरसिंहगढ ब्लॉक में शिक्षा विभाग के कुछ शिक्षकों की मनमानी देखी जा रही है। कुछ शासकीय शिक्षक तो अपनी राजनितिक संबंधो एवं शिक्षा विभाग में मिलीभगत के चलते जिला कलेक्टर एवं जिला शिक्षा अधिकारी के आदेशों को भी ठेंगा दिखाये जा रहे हैं।

ज्ञात हो कि शासकीय विद्यालय तय समय पर खुलने एवं बंद करने के जिला कलेक्टर महोदय श्री हर्ष दीक्षित के कडे निर्देश होने के बावजूद शिक्षको द्वारा कई स्थानो पर विद्यालयों कों मनमाने समय पर खोला जा रहा है जिससे उनमे पढ़ने वाले ग्रामीण एवं गरीब परिवार के बच्चों का भविष्य बर्बादी की कगार पर जा रहा है मुख्य बात यह है कि ऐसे गैर जिम्मेदार शिक्षक जिनके स्वयं के बच्चे प्राइवेट स्कूलों में पढ़ते हैं एवं अच्छी शिक्षा प्राप्त करते हैं उन्हें ग्रामीण क्षेत्र में शासकीय विद्यालयों की यह काली सच्चाई अच्छी तरह से पता होती है कि इन स्कूलों में पढ़ाई ठीक से नहीं होती क्योंकि शिक्षक विद्यालय जाते ही नहीं नरसिंहगढ़ ब्लॉक के ग्राम रामगढ़ में स्थित प्राथमिक विद्यालय में प्राचार्य प्रेम नारायण तिलोरे एवं एक महिला शिक्षक की नियुक्ति है किन्तु दोनों ही अपने जिम्मेदारी का निर्वहन ठीक ढंग से नहीं करते और विद्यालय को पूरी तरह से धर्मशाला बना रखा है मन हुआ तो विद्यालय खोला और मन नहीं हुआ तो विद्यालय में ताला लगा कर कभी भी कहीं भी चल दो जिससे विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों का भविष्य बर्बाद होगा यह बिलकुल तय हैं। ऐसे गैर जिम्मेदार शिक्षकों पर कड़ी कार्रवाई होना आवश्यक है जिससे बच्चों का भविष्य बर्बाद होने से बच सके।

**करेंगे कार्रवाई**

आपके द्वारा मामला संज्ञान में आया है जांच करके कार्रवाई की जाएगी।

बाबूलाल वर्मा,
ब्लॉक शिक्षा अधिकारी नरसिंहगढ

## बे-ढंग ब्रेकर ने ले ली एक महिला की जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ ग्यारसपुर

विट्ठल नगर निवासी एक महिला पति के साथ बाइक पर बैठकर घर से अस्पताल लाते समय बिठ्ठल नगर की मुख्य सड़क पर बे-ढंगे ब्रेकर के कारण गिर गई। जिससे उसकी मौत हो गई।

बिठ्ठल नगर निवासी अरविंद श्रीवास्तव अपनी पत्नी सुषमा श्रीवास्तव को रूटीन चेकअप के लिए अस्पताल लेकर जा रहे थे। 61 वर्षीय सुषमा बाइक पर पीछे बैठीं थीं। तभी कॉलोनी की मुख्य सड़क पर बनाए गए बे-ढंगे ब्रेकर पर बाइक उचक गई और वह अनियंत्रित होकर गिर गईं। जिससे उनकी मौत हो गई। पति अरिवंद श्रीवास्तव नादौर गांव के किसान हैं। उनकी दोनों बेटियां मुंबई में रहती हैं। घटना के बाद सुषमा को लोगों की मदद से अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हे मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।





### मुख्यमंत्री और वीडी के खिलाफ दिग्विजय ने थाने में दिया आवेदन

**राजगढ़।** पिछले दिनों चुनावी सभा के दौरान प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बीडी शर्मा ने पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के खिलाफ कुछ विवादित बयान दिए थे। अन्य बयानों के विरोध में शुक्रवार दोपहर दिग्विजय सिंह ने राजगढ़ कोतवाली में आवेदन देकर मुख्यमंत्री और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा पर एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। अपने शिकायती आवेदन में उन्होंने उन स्थानों का भी जिक्र किया है जहां यह बयान दिए गए थे। इसके साथ ही उन्होंने सोशल नेटवर्क पर अपलोड वीडियो का भी उल्लेख किया है।

## परंपरानुसार रामनवमी के पावन पर्व पर फूलमाली समाज ने शोभायात्रा निकाली

**जीरापुर।** रामनवमी पर्व के पावन अवसर के उपलक्ष्य में फुलमाली समाज ने रामजी की शोभा यात्रा नगर के विभिन्न मार्गो से बड़े उल्लास आनंद मय वातावरण में निकालकर रामनवमी पर्व धूमधाम से मनाया। इस शुभ अवसर पर समाज जनों ने अपने अपने प्रतिष्ठान एवं कारोबार बंद रख कर एकता का परिचय दिया। समाज के महिला पुरुष बच्चे , युवा और बुजुर्ग बाग वाले हनुमान मंदिर गोपचैहान जी पर एकत्रित हुए। जहां से समाजबंधुओं का सामुहिक जुलूस शुरू हुआ जिसमें डीजे की थाप पर बालिकाएं नृत्य करते हुए, महिलाऐ एक जैसे परिधान धारण करके भगवान के मंगलगीत गाते चलो रहीं थीं जो जुलुस को सुशोभित कर रही थीतथा पुरुष वर्ग भगवान के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे । नगर के मुख्य मार्गो गांधी बस्ती,बस स्टैंड,इन्दर चैराहा, जवाहर चैक,बुधवारिया होते बाग वाले हनुमान मंदिर जुलूस पहुंचा। युवा वर्ग पताका लहराते हुए चल रहे थे ,16 बालिकाओं ने साफा धारण करके जुलूस में नृत्य करते चल रही थी तथा रथ में श्रीराम और शंकर भगवान की आकर्षक झांकी सजाई गई । शोभायात्रा का मध्य रास्ते में पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। चल समारोह का समापन बाग वाले हनुमान मंदिर पर हुआ जहां अंत में महाआरती की गई। उसके पश्चात समाज के वरिष्ठ जनों का सम्मान जिनमें प्रमुख रूप से समाज संरक्षक मोहनलाल पुष्पद, कन्हैयालाल मालाकार, बाबूलाल पुष्पद, लक्ष्मीनारायण वर्मा, मांगीलाल मालाकार आदी रहे मौजूद।

## महिला हिग्राहियों को मतदाता जागरूकता अभियान के तहत दिलाई शपथ




**ब्यावरा।** स्वीप गतिविधियों के तहत नगर पालिका परिषद ब्यावरा द्वारा प्रतिदिन स्वीप के तहत विभिन्न गतिविधियॉ की जा रही है। स्वीप की गतिविधियों के अंतर्गत कभी मतदाता जागरूकता रैली निकाली जा रही है, तो कभी मतदाता जागरूकता थीम पर मेहंदी लगवाकर व कभी रंगोली बनावाकर मतदाताओं को जागरूक करने के प्रयास सीएमओ रईस खान के नेतृत्व में किये जा रहे है। इसी क्रम में शुक्रवार को स्वीप गतिविधियों के तहत नगर पालिका कार्यालय में स्व सहायता समूह एवं एनयूएलएम योजना की महिला हिग्राहियों को मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत शपथ दिलाई गई। इस दौरान सीएमओ श्री खान सहित पुष्पराज अजनारे सहायक यंत्री, अमन सौलंकी उपयंत्री, योगेन्द्र सिंह सौलंकी प्रभारी राजस्व उपनिरीक्षक एवं निकाय के अन्य कर्मचारीगण सहित स्व सहायता समूह एवं एनयूएलएम योजना की महिला हितग्राही मौजूद रहे।

## लोधी समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन में 9 जोड़ों ने किया गृहस्थ जीवन में प्रवेश



हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

नगर से सात किलो मीटर दूर भगवान पुरा-पाटनपुर गांव में लोधी समाज का प्रथम सामूहिक विवाह सम्मेलन सम्पन्न हुआ। विवाह समिति से प्राप्त जानकारी के अनुसार सम्मेलन में लोधी समाज के 9 जोडे.थे। प्रत्येक जोड़े वर पक्ष वधु पक्ष से 42 हजार की राशि ली गई। भोजन सहित विवाह की सभी व्यव्स्था समिति ने की। विवाह में ग्रहस्थी का सामान बर्तन, एलसीडी, कूलर, पलंग, बिस्तर, पेटी, चांदी के पट्टे उपहार स्वरूप दिये गये। सम्मेलन की खास बात यह रही की समाज के सभी लोगां द्वारा सम्मेलन में सहयोग किया गया। आयोजन में रात्रि वरमाला के उपरांत भाजपा मंडल अध्यक्ष पदमसिंह लोधी, नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि गिर्राज लोधी, डॉ. फूलसिंह लोधी ने समाजजन के समक्ष अपने विचार रखे। यह प्रथम सम्मेलन था। समाज को फिजूल खर्ची से बचाकर ऐसे ही सम्मेलन भविष्य मे भी आयोजित करने की बात कही। समिति अध्यक्ष बनेसिंह, सूरजसिंह, धन्नालाल, देवीसिह, गोपाल, बापूलाल सहित सभी समाजजन की अहम भूमिका रही।

### 21 को होगा धनगर समाज का विवाह सम्मेलन

21 अप्रैल रविवार को ब्यावरा रोड स्थित पेट्रोल पंप के पास 30 जोड़ां का धनगर समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। प्रत्येक जोड़े से समिति द्वारा 51 हजार की राशि ली जा रही है। कार्यक्रम मे वर निकासी 11 बजे और पाणिग्रहण संस्कार शाम 5 बजे होगा।

## कलश यात्रा के साथ पंचकुंडात्मक श्री कामधेनु महायज्ञ का शुभारंभ



**सारंगपुर।** कपिलेश्वर गोशाला परिसर में आयोजित पंचकुण्डात्मक श्री कामधेनु महायज्ञ व महर्षि कर्दम व माँ देवहूति मैया की प्राणप्रतिष्ठा हेतु शुक्रवार को कपिलेश्वर मंदिर से गोशाला परिसर तक भव्य मंगल कलश यात्रा निकाली गई जिसमें महिलाओं ने अपने सर पर कलश रख कर व यजमानों अपने हाथों में ध्वज थाम कर गाजे बाजे के साथ आतिशबाजी करते हुए यज्ञशाला में प्रवेश किया । यह आयोजन जनकल्याण के लिए प्रतिवर्ष पूज्य गुरुदेव परम गो सेवक पवनदास जी महाराज के जनकल्याण व गोसंवर्धन के लिए आयोजित किया जाता है । यज्ञ आचार्य पं मनीष शास्त्री ने बताया कि प्रथम दिवस में कलश यात्रा के साथ दशविधि स्नान, पंचांग कर्म, मंडप प्रवेश, ब्राह्मण वरण कर्म संपादित होगा। इस आयोजन में उपाचार्य महेश शर्मा, गिरिराज शर्मा से साथ यज्ञ समिति के अध्यक्ष महेश पाटीदार जी ,गोशाला समिति अध्यक्ष पर्वतसिंह मंडलोई, सचिव ओम प्रकाश राठी ,ओपी विजयवर्गीय ,महेश शर्मा ,रमेशचंद्र जोशी,मनीष रानोलिया,विपुल सक्सेना, राजेन्द्र शर्मा जेपी जोशी,सीमा शर्मा सहित बड़ी संख्या में भक्तों ने पुण्यलाभ लिया।

## सब जानते हैं 'झूठ के राजा' का सच जनता ही देगी उन्हें पटखनी: गुर्जर

### प्रेसवार्ता में कटाक्ष करते हुए बोले बीजेपी जिलाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

लोकसभा चुनावों को अच्छी लीड से जीतने भाजपा एडीचोटी का जोर लगा रही है। इसी कड़ी में पार्टी द्वारा आज 20 अप्रेल को जिले के सभी 2236 बूथों पर विषेष संपर्क अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत जिले का बड़ा से बड़ा पदाधिकारी सहित कार्यकर्ता अपने-अपने तय बूथों पर पहुंचकर वहां विभिन्न गतिविधियां देखेंगे व लोगों से संपर्क करेंगे।

इस विषेष अभियान के बारे में विस्तार से जानकारी देने विधायक निवास पर शुक्रवार दोपहर एक प्रेसवार्ता आयोजित हुई। प्रेस कान्फ्रेंस को संबोधित करते हुए पार्टी जिलाध्यक्ष ज्ञानसिंह गुर्जर ने कांग्रेस प्रत्याषी पर अप्रत्यक्ष रूप से हमला बोलते हुए कहा कि झूठ के राजा का सच सारी जनता जनता है। वही जनता चुनावों में उन्हें जवाब दे देगी। हम 4 लाख से अधिक की लीड से जीत रहे हैं।

### दिग्विजय के गढ़ में हमें मिलेगी लीड

उन्होंने कहा कि दिग्विजय सिंह के गढ़ कहे जाने वाले राघोगढ और चांचोड़ा से भी भाजपा को लीड मिलेगी। उन्होंने कहा कि विकसित भारत मोदी की गारंटी के



संकल्प को दोहराते हुये 2014 से लेकर 2024 तक बदलते हुए राजगढ़ क्षेत्र एवं भारत की तस्वीर जनता के सामने है। भारत को गौरवशाली, वैभवशाली, समृद्धशाली, शक्तिशाली राष्ट्र बनाने के संकल्प के साथ 20 अप्रैल को प्रत्येक मतदान केन्द्र पर जाकर हमारे कार्यकर्ता अभियान को सफल बनायेगें। प्रेसवार्ता के अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष केदार काका, जिला महामंत्री रामचंद्र जलालिया, विधानसभा संयोजक श्याम गुर्जर, जिला मीडिया प्रभारी आनंद त्रिपाठी, जिला सह-मीडिया प्रभारी जगदीश दास सहित अन्य उपस्थित थे।